सुविचार

हर किसी में कुछ खास है, अपनी खासियत को पहचानें और उसे दुनिया के सामने लाएं।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 108 ● मुंबई, सोमवार 16 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### पूर्णिमा के अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने की प्रभु भक्ति



पदमावत मीडिया

**भीनमाल/बैगलूरू ।** राजेन्द्र पूनम ग्रुप के 50 सदस्यों ने मगसर सुदी पूर्णिमा के अवसर पर आदाणी तीर्थ यात्रा का लाभ लिया। ग्रुप के सदस्य ताराचंद जैन ने बताया कि बैगलूरू से भक्तगण पेद् दतुम्बलम् तीर्थ यात्रा पर गये। वहां पर तीर्थंकर पार्श्वमणि पार्श्वनाथ की दिन भर सेवा पूजा की । इस यात्रा के आयोजन का लाभ भी सामुहिक रूप से लिया जाता है । वहां पर सभी लोगों ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया। इस दौरान नये नये भक्तों का जुडाव हो रहा है। जिसमें युवा, जवान, महिला, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक भी सम्मिलित रहे। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर रमेश बालर, दलीचन्द, हुकमीचंद कांकरीया, गणेश लुणीया मुथा, बाबुलाल सोफाडिया, दिनेश लम्बु, जुगराज भंडारी, हितेष, किशोरकुमार, विजय दादा, जितेन्द्र, ललित, मनीषकुमार, विक्रम सवानी, रविन्द्र मोदी, खेमचंद, हीराचन्द वेदमुथा, तिकमचंद, पारसमल भंडारी, नरपतकुमार, कुमारपाल, हितेष पालगोता, भागचंद, विमलकुमार, पृथ्वीराज जैन, संजय मोदी, चंपालाल श्रीश्रीमाल, जयंतीलाल, अनीलकुमार, संगीता वेदमुथा, मीनादेवी, अलकादेवी, जशोदादेवी, कमलादेवी, संतोषदेवी, अनीतादेवी, सीमादेवी, रसीलादेवी सहित कई सुश्रावक एवं सुश्राविका उपस्थित रहे ।

### बिछीवाड़ा में सत्य मंडल कबीर कल्याण समिति का हुआ शुभारंभ




पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** ज़िले के फलासिया उपखंड क्षेत्र के बड़ा भीलवाडा में रविवार को सत्य मंडल कबीर साहेब कल्याण समिति का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अटलधाम नालसेरी से पधारे संत अमृतदास ने की। मुख्य अतिथि गुरु धनदास, बंशीदास, तेजादास, नानदास, अतिविशिष्ट नारायणदास, लखमदास, तेजादास, राधाबेन, रविलाबेन रहे। सभी संतों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वहीं बाहर से पधारे संतों ने कबीर भजन गाए। इसके बाद सफेद कपड़े कि ध्वजा चढ़ाई गई। साथ ही सभी संतों की उपस्थिति में सत्य मंडल कबीर कल्याण समिति के कार्यालय का संतों ने रिबिन काट कर शुभारंभ किया। इस दोहरान कालु लाल, मावाराम, प्रेमदास सहित अनेक संतों ने कार्यक्रम में भाग लिया। संत कालुदास ने बताया बताया की आदिवासी परिवारों के हनन, बाल-विवाह प्रथा को रोकने के लिए घर घर कबीर भजनों के साथ साथ जागरुकता फेलाने का कार्य करेगी। वहीं सामुहिक विवाह करवाए जाने पर भी सभी संतों की एक राय बनी। कार्यक्रम का संचालन रमेशदास द्वारा किया गया।

## अनियंत्रित कार साबरमती डेम में गिरी

# उदयपुर में सीएम के कार्यक्रम से लौट रहे अधिकारी की हादसे में मौत

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** भजनलाल सरकार के एक साल पूरा होने के कार्यक्रम में ड्यूटी से लौट रहे ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की कार बेकाबू होकर तालाब में गिर गई। डूबने से वीडीओ की मौत हो गई। तालाब में कार गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे। कार तालाब में पलटी हुई पड़ी थी। कार में वीडीओ के साथ एक अन्य युवक भी था, जो फौरन निकल कर भाग गया। तालाब के किनारे कोई रेलिंग नहीं थी। मामला उदयपुर से 115 किमी दूर कोटड़ा के मांडवा थाना इलाके में शनिवार रात 9ः00 बजे हुआ। एसएचओ राजीव शर्मा ने बताया- शनिवार रात 9ः15 बजे महाडी सरपंच का कॉल आया। उन्होंने बताया कि गांव के पास साबरमती नदी से सटे सुलाव तालाब में एक कार गिर गई है। टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक सरपंच और ग्रामीणों ने जेसीबी मंगवा कर कार को सीधा करवा दिया था। हादसे में सलूंबर जिले के सराड़ा क्षेत्र निवासी वीडीओ वाला राम मीणा (40) पुत्र नानजी मीणा की मौत हो गई।

### कार में सवार दूसरा युवक तैर कर किनारे पहुंचा और भाग गया

एसएचओ ने बताया- मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार जब वे यहां पहुंचे तो कार पानी में उल्टी पड़ी थी। छत पानी में और टायर ऊपर की ओर थे। कार में एक अन्य युवक भी था, जो तैर कर बाहर निकला और भीड़ के बीच वहां से भाग गया। बताया जा रहा है कि वह वीडीओ के साथ राजीविका स्वयं सहायता समूह में काम करने वाला सदस्य था। हालांकि इस मामले में जांच की जा रही है।

### आधे घंटे तक सीपीआर दिया

एसएचओ ने बताया- बिकरनी पीएचसी टीम ने करीब आधे घंटे तक मौके पर वाला राम को सीपीआर दिया, लेकिन जान बचाने में सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव कोटड़ा सीएचसी पहुंचाया, जहां पर पोस्टमॉर्टम होगा। पुलिस ने कार को घटनास्थल के नजदीकी पुलिस चौकी पर रखवाया है। वीडीओ के परिजन पहुंच गए हैं। वाला राम कोटड़ा पंचायत समिति की महाडी ग्राम पंचायत में वीडीओ के पद पर कार्यरत थे।

### फूड चेकपोस्ट पर लगी थी ड्यूटी

कोटड़ा उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, उदयपुर के गांधी ग्राउंड में शनिवार को सरकार के एक साल पूरे होने पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें सीएम भजनलाल शर्मा भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में लाभार्थियों को फूड पैकेट वितरण करने के लिए उदयपुर के अरबन स्क्वायर मॉल के पास फूड चेकपोस्ट बनाया था। इस फूड चेकपोस्ट पर वीडीओ वाला राम की ड्यूटी लगाई थी। उनको जिम्मेदारी दी थी कि कोटड़ा ब्लॉक से आने वाले लाभार्थियों को फूड पैकेट और पानी की बॉटल वितरित करेंगे। लाभार्थियों को जाते समय भी फूड पैकेट वितरित करेंगे। यहां उनके साथ टीम लीडर मेरपुर नायब तहसीलदार ककुआराम मीणा, भू-अभिलेख निरीक्षक कल्याणकारी भूत और पटवारी पवन पंवार भी ड्यूटी पर थे।

# चित्तौड़गढ़ जिले में थाना शंभूपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### बोलेरो पिकअप से 473 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त




पदमावत मीडिया

**चित्तौड़गढ़ ।** जिले की शंभूपुरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलरो पिकअप से 27 कट्टों में भरा 473 किलो 250 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कार्रवाई करने के समस्त थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी शंभूपुरा ठाकरा राम मय एएसआई रघुवीर सिंह, कांस्टेबल मुकेश, कमलेश, दिनेश, प्रकाश व देवकिशन के साथ लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्रवाई व थाना क्षेत्र में गश्त करते हुए बिलोदा चौराहा सरहद सेमलिया पहुंचे। जहां एक सन्दिग्ध बोलेरो पिकअप को रूकवाने का ईशारा किया। रुकवाने का इशारा करने पर बोलरो पिकअप का चालक व पास वाली सीट पर बैठा व्यक्ति पिकअप को 200 मीटर पहले ही रोड पर छोड़ कर अन्धेरे में खेतों में भाग गये। पुलिस द्वारा काफी तलाश की मगर रात के अन्धेरे में उक्त वाहन बोलरो पिकअप के चालक व उसके साथी का कोई पता नहीं चला। पिकअप की तलाशी ली गई तो पीछे बॉडी में रखे हुए कुल 27 कट्टों के अन्दर अवैध अफीम डोडा चुरा भरा हुआ मिला। जिसका कुल वजन 473 किलो 250 ग्राम हुआ। अवैध अफीम डोडा चूरा व तस्करी में प्रयुक्त बिना नम्बर बोलरो पिकअप को जब्त कर थाना शम्भुपूरा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# पूर्बिया समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 170 लोगों ने कराया इलाज

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** पूर्बिया कलाल समाज उदयपुर व पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भीलों के बेदला द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर पूर्बिया कॉलोनी सज्जन नगर, उदयपुर में आयोजित किया गया। नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश पूर्बिया ने की एवं मुख्य अतिथि पार्षद गिरीश भारती थे ।

विशिष्ट अतिथि सर्व ओबीसी समाज महापंचायत के संस्थापक दिनेश माली थे। चिकित्सा शिविर में 170 लोगों ने जांच कर विशेषज्ञों से परामर्श लिया। लोगों ने कमर दर्द एवं अन्य दर्द के निवारण के लिए फिजियोथैरेपिस्ट डॉ कल्पेश पूर्बिया फिजियोथैरेपी ली। लोगों ने जागरूकता दिखाते हुए अपनी बीपी, शुगर जांच करवाते हुए उचित परामर्श भी लिया। दांत दर्द व दंत संबंधित अन्य बिमारियों का ईलाज डेंटिस्ट से करवा कर लोग प्रसन्नशीत नजर आये। शिविर में फिजिशियन डॉ हार्दिक नायक, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ रितिक, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ एरिमा सिध, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ भारती, शल्य चिकित्सक डॉ रजत व्यास, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ देव किशन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ यश, टीबी एण्ड चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ शाहील वर्मा व डेंटिस्ट डॉ भावेश वर्मा ने सेवाएं दी।

# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हुआ अन्त्योदय शिविर का आयोजन

पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़ ।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी श्रृंखला में रविवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम मे जिला कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। राज्य स्तर का कार्यक्रम जयपुर में पिंजरापोल कगौशाला में हुआ जिसमें माननीय मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि थे । इस कार्यक्रम को प्रदेश के प्रत्येक जिले से वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले प्रतापगढ़ के जिला स्तरीय आयोजन में कस्तुरबा बालिका आवासीय विद्यालय, ए पी सी स्कूल और लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल के साथ प्रतापगढ़ महाविधालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति के गीतों पर मनमोहन प्रस्तुतियां दी गई, कार्यक्रम में तपस के मुख बधिर बालकों के देश भक्ति नृत्य को सभी श्रोताओं ने सराहा और पूरा ओडिटेरियम तालियों से गुंज उठा । इस जिला स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लबान्वित दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं दिव्यांग बालकों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में जिला कलेक्टर द्वारा दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल वितरित की गई तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय किस्त के चेक दिए गए, इसके साथ कार्यक्रम में दिव्यांग लोगों को कृत्यांग अंग तथा दृष्टिबाधित एवं मुख बधिर बच्चों को ब्रेल की किट भी वितरित की गई । कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसा राम , सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. टी.आर. आमेटा, जिला स्तर के अधिकारी और कर्मचारी व ब्लॉक व गांव से आए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ आमजन उपस्थित रहे। मंच का संचालन कुशलतापूर्वक सुरेंद्र सुमन द्वारा किया गया ।

# सरकार के एम वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम युवाओं ने रक्तदान में लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री के जन्मदिन और प्रदेश सरकार के सफलतम एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान रक्तदान शिविर का आयोजन जिलेभर में किया गया। जिला मुख्यालय प्रतापगढ़ में जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छोटी सादड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुपना पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, आमजन द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीवराज मीणा ने बताया कि रविवार को आयोजित शिविर में 201 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें स्वैच्छिक वक्त दाताओं ने प्रेरित होकर रक्तदान किया। सीएमएचओ डॉ मीणा ने बताया कि रक्तदान करके कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है, इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए। यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास किया है। इसमें रक्तदान जैसा पुनित कार्य भी शामिल है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ ओपी दायमा, सीएचसी प्रभारी डॉ विजय गर्ग, डॉ प्रदीप अंजना, डॉ सुखराम द्वारा मौजूद रहकर रक्तदाताओं का हौसला अपचाई किया गया एवं रक्तदाताओं रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को रक्तदान करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली, राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर अंत्योदय शिविर आयोजित

# जिले में विशेष योग्यजनो को विधायक ने उपकरणों और स्कूटी का वितरण किया

पदमावत मीडिया



**सलूंबर।** राज्य सरकार के 1 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को पंचायत समिति सलूंबर सभागार में जिला स्तरीय अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय अंत्योदय शिविर का लाइव प्रसारण किया गया। अंत्योदय शिविर में बड़ी संख्या में विशेष योग्यजन और लाभार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने पात्र लाभार्थियों का माला पहनाकर स्वागत किया और 3 स्कूटी एवं 58 कृत्रिम उपकरण और सामग्री का वितरण किया गया। इसमें ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया गया।

### इन योजनाओं का हुआ शुभारंभ

दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों हेतु मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना एवं इसके साथ ही मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना, मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र कार्यक्रम सहित मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना की शुरुआत की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र वर्णोती ने किया। जिला स्तरीय अंत्योदय सेवा शिविर में सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, आयुक्त गणपत लाल खटीक,जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, प्रवीण, वेद प्रकाश, डॉ हरिकेश मीणा, डॉ जितेन्द्र जोशी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# अनुच्छेद 342 धर्मान्तरण का बहुत बडा कारण बन गया है, कांग्रेस ने जनजाति को विदेशी मिशनरी के भरोसे छोड दिया : सांसद रावत



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मन्नालाल रावत ने पिछ्ले कई सालों से बहुचर्चित संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 के मुद्दे को उठाया और कहा कि अनुसूचित जातियों के धर्मान्तरित लोगों के लिए जो नियम संविधान में लागू किए गए वे आज तक अनुसूचित जनजाति के लिए लागू नहीं करने से धर्मान्तरण का बहुत बडा कारण बन गया है। इससे जनजातियों के संवैधानिक हक छीने जा रहे हैं। कांग्रेस सरकारों ने जनजातियों के प्रति दोहरा व्यवहार लागू कर उनकी एकता को तोडने के साथ ही विदेशी मिशनरी के भरोसे छोड दिया। सांसद रावत ने संसद में भारत के संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा विषय पर लिखित चर्चा में भाग लेते हुए जनजातियों के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 342 के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। सांसद रावत ने चर्चा में कहा कि संविधान में उल्लेखित सामाजिक न्याय जिसमें आरक्षण, संरक्षण व विकास की यदि बात करें तो संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 महत्वपूर्ण है। अनुच्छेद 341 में अनुसूचित जातियों को परिभाषित किया गया है जबकि 342 में अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित करने का प्रावधान है। सन् 1950 में जारी अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जातियों में एक शर्त लगाई गई है जिसके अनुसार वे लोग एससी की परिभाषा में मान्य नहीं होंगे जिन्होंने हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म को छोड़ दिया है, परंतु यह प्रावधान अनुसूचित जनजातियों के लिए लागू नहीं किया गया। यह विसंगति बहुत गंभीर है जिसे इसी सदन में 24 नवंबर 1970 को डॉक्टर कार्तिक उरांव जी ने उठाया था। धर्मांतरित सदस्यों को एसटी की परिभाषा से बाहर करने का डीलिस्टिंग आंदोलन चलाया। संसद के 348 सांसदों का समर्थन भी प्राप्त किया। उनके अनुसार यह विसंगति जनजातियों के पिछडे रहने का मूल कारण है और यह असंवैधानिक है, असामाजिक है, अनैतिक और अवैधानिक है, अमानवीय है। और साथ ही यह अलोकतांत्रिक भी है। परन्तु लोकतंत्र के इस मंदिर में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों के संवैधानिक हक के इस मुद्दे को समर्थन नहीं दिया। सांसद रावत ने चर्चा में कहा कि यह प्रावधान आगे जाकर जनजातियों के संस्कृति का नाशक बना और उसे कांग्रेस की सरकारों ने समर्थन दिया। यह धर्मान्तरण का बड़ा कारण बना। संवैधानिक हक़ छिनने का भी कारण बना। महात्मा गांधी के अनुसार भारत में धर्मांतरण अत्यंत ठीक नहीं है संस्कृति के लिए घातक है, परंतु कांग्रेस की सरकारों ने इसे आगे बढ़ाया ऐसा लगता है। स्वतंत्रता के बाद यह कांग्रेस की एक सोची समझी रणनीति बनी है। लेकिन कांग्रेस ने आखिर यह क्यों किया, जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों को क्यों छीना। यह भी विचारणीय है।

### जनजाति के प्रति कांग्रेस का दोहरा व्यवहार

सांसद रावत ने चर्चा में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जब एक भाषण दिया तब जनजाति विकास के लिए अजायब घर पद्धति को अपनाया अर्थात आदिवासी जैसे हैं वैसे ही जीवन करें। वे कहते थे-आप जहां रह रहे हैं आप अपने तरीके से रहो। परंतु उन्होंने पादरी वैरियर एल्विन को अनुमति देकर नॉर्थ ईस्ट और मध्य भारत के जनजाति क्षेत्र में भेज दिया। जबकि भारत के अन्य नागरिकों, नेताओं को और समाजसेवी संस्थाओं को इन क्षेत्रों में जाने से रोक दिया। यह कांग्रेस का दोहरा व्यवहार जनजातियों के विकास, भारतीय चिंतन और समावेशी विचार के एकदम विरुद्ध लगता है। इसी पद्धति को बाद की कांग्रेस की सरकारों ने अपनाया। कांग्रेस पार्टी ने बाबासाहेब अंबेडकर के युग निर्माणी चिंतन-शिक्षित बनो,संगठित रहो और संघर्ष करो के विपरीत जाकर जनजातियों की एकता को तोड़ा है, विदेशी मिशनरी के भरोसे छोड़ दिया और आरंभ में शिक्षित बनने से वंचित किया है। गरीब बनाए रखा।

### प्रधानमंत्री मोदी जनजाति को साथी मानते हैं

सांसद रावत ने लिखित चर्चा में कहा कि कांग्रेस की जनजाति विकास की नीति में थोड़ी बहुत सहानुभूति ही दिखती है परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने इसे समानुभूति एंपैथी में बदला है। मोदी ने जनजातियों के साथ अपनत्व के भाव से खड़े हैं वे जनजाति को अपना साथी मानते हैं। अपने में से एक मानते हैं। भारतीय विचारों को लेकर मानते हैं उन्हें लाइबिलिटी नहीं बल्कि एसेट मानते हैं। इसी कारण जनजाति नायकों के गौरव को आगे बढ़ाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव में उन्होंने सैकड़ों कार्यक्रम करवाए और 15 नवंबर को क्रांति सूर्य भगवान बिरसा मुंडा जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा की है।

पदमावत मीडिया
दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र
www.padmavatmedia.in



## सार समाचार

### 17 दिसंबर को उदयपुर से सात हजार से अधिक लोग जाएंगे जयपुर

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को जयपुर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आतिथ्य में प्रस्तावित मुख्य समारोह में उदयपुर जिले से 7000 से अधिक लोग भाग लेंगे। इसके लिए 178 वाहन सोमवार अपराह्न बाद रवाना होंगे। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जयपुर जाने वाले वाहनों के लिए जिला कलेक्टर/जिला रसद अधिकारी की ओर से अधिकृत फ्यूल कूपन जारी किए जा रहे हैं, जो पूरे प्रदेश में प्रभावी रहेंगे। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर बीपीसीएल, आईओसीएल एवं एचपीसीएल के विक्रय अधिकारियों को उदयपुर जिले के पेट्रोल पम्प संचालकों को फ्यूल कूपन मान्य करने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आगाज

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले में कलेक्टर डॉ अंजली राजोरिया के निर्देशन में चिकित्सा विभाग द्वारा गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन रविवार को किया गया। इन शिविरों में नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। सीएमएचओ डॉ. जीवराज मीना ने बताया कि रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबा माता एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारसोला में प्रथम दिन शिविर लगाए गए। इन शिविरों में आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का भी सहयोग रहा। डॉ. मीणा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों की टीम मौजूद रही। इन शिविरों में 37 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क की गई। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा से लाभाविन्त किया गया। इसके अलावा टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे करवाना, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल में अपडेट करवाना गया। अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा टेली कंसलटेशन से रोगियों को लाभान्वित किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीप खराड़ी ने बताया कि शिविर तीन चरणों में आयोजित होंगे। इसमें प्रथम चरण में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी व सीएचसी पर शिविर, द्वितीय चरण में फॉलोअप शिविर जो कि पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होंगे व तृतीय चरण में रेफरल शिविर जो जिला मुख्यालय पर आयोजित किए जाएंगे।

### लोकेन्द्र सिंह भायल मण्डली बनें भारतीय थल में लेफ्टिनेंट



पदमावत मीडिया

**पाली।** पाली जिले के गांव मण्डली निवासी व आबकारी थाना अधिकारी बाघसिंह भायल के पुत्र लोकेन्द्रसिंह भायल मंडली ने 14 दिसम्बर 2024 को इंडियन मिलेक्ट्री एकेडमी देहरादून से एक वर्ष छः माह का कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर लेफ्टिनेंट बने यह जानकारी पुलिस मित्र विकास शर्मा घेनड़ी ने दी । पिता बाघ सिंह भायल मण्डली व माता विद्या कँवर ने लोकेन्द्र के सितारे लगाए । पिता बाघसिंह ने बताया कि बड़ी गर्व की बात है कि लोकेन्द्रसिंह पाली जिले का पहला लेफ्टिनेंट बना जो नेपाल के सेनापति द्वारा चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर से नवाजा गया । राष्ट्रपति द्वारा लोकेन्द्रसिंह को नियमित सेना में लेफ्टिनेंट के रैंक में प्रतिष्ठापित ओर नियुक्ति दी गई । जो भारतीय रक्षा एकेडमी देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रशिक्षण के बाद अब लेफ्टिनेंट के पद पर भारतीय थल सेना में सेवाएं देंगे । पिता नायब सुबेदार से सेवानिवृत्त ओर निवर्तमान आबकारी पुलिस में थाना अधिकारी के पद पर नियुक्त है । आज पासिंग आउट परेड में माता विद्या कंवर पिता बाघसिंह भायल लेफ्टिनेंट नितिन कुमार दहिया मामोसा एडवोकेट महेंद्र सिंह , बडी बहन भावना कंवर शैलेंद्रसिंह राठौड़ व छोटा भाई हर्षपाल सिंह उपस्थित रहे ।

## राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 'राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी' का आयोजन

# सीएम भजनलाल शर्मा ने किया 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' का उद्घाटन किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, चिकित्सा, उद्योग, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर जाकर विभागों द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का अवलोकन किया।

भजनलाल शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देष दिए। भजनलाल शर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्षनी का षुभारंभ किया। उन्होंने 'निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली' का संदेष देती विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं के फोटो, स्कैच, मॉडल्स एवं प्रकाशन सहित अन्य सामग्री को देखा। उन्होंने सरकार के 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को दर्शाती प्रदर्शनी की सराहना की।



### जेडीए की तीन नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने नगरीय विकास एवं आवासन मंडल की स्टॉल पर जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने अटल विहार, गोविन्द विहार तथा पटेल नगर आवासीय योजना का शुभारंभ करने के साथ ही तीनों आवासीय योजनाओं की बुकलेट का विमोचन किया। इस दौरान श्री शर्मा ने जेडीए में ई-साइन के माध्यम से पेपर-लैस नाम हस्तानान्तरण की प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया।

भजनलाल शर्मा ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, आरसीडीएफ (डेयरी), गौपालन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम एवं नियोजन, सार्वजनिक निर्माण, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आयोजना, राजस्थान आवासन मण्डल, नगरीय विकास विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, स्वायत्त शासन, सूचना एवं जनसम्पर्क, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उद्योग, ऊर्जा, गृह, वन, पर्यटन सहित अन्य विभागों द्वारा एक साल में लिए गए फैसलों, विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से आमजन को सरकार के कल्याणकारी फैसलों, कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी।

### राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने जवाहर कला केन्द्र में राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला- 2024 का द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने राजसमन्द की मीनाकारी, जयपुर की ब्लूपॉटरी, जम्मू की पश्मीना शॉल सहित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में जीआई टैग के उत्पादों को देखकर इनकी संख्या में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती श्रेया गुहा ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय मेले में लगाई गई विभिन्न स्टॉलों के बारे में जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस, इन्टरसेप्टर एवं पेट्रोलिंग वाहनों को दिखाई हरी झंडी

भजनलाल शर्मा ने सवाई मानसिंह स्टेडियम से 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प' समारोह में 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन, 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहन एवं 750 मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 150 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सुरक्षा एवं शांति के प्रतीक स्वरूप आसमान में गुब्बारें छोड़े। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद श्री मदन राठौड़, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग आलोक गुप्ता, आयुक्त सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग विजय पाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं आमजन मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रशिक्षण का समापन



पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑफलाइन) का आज रविवार को समापन हुआ। प्रबंध निदेशक एवं तकनीकी निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एनपीटीआई शिवपुरी द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण में अजमेर जोन के 40 सहायक अभियंता/कनिष्ठ अभियंता/तकनीशियन भाग लिया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन विशेषज्ञ द्वारा द्वारा व्याख्यान दिए गए-

1. रोहित गुप्ता, सहायक निदेशक, एनपीटीआई शिवपुरी
2. बी.एल. सिंह उमराव, सेवानिवृत्त डीजीएम एमपीसीजेड
3. डॉ. सुरेन्द्र सिंह तंवर, प्रोफेसर, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय
4. डॉ. शुभम शर्मा, पीएचडी स्कॉलर, एमएनआईटी जयपुर

संकाय सदस्यों की व्यवस्था एनपीटीआई, शिवपुरी द्वारा कि गई। प्रशान्त पाराशर सहायक अभियन्ता ( प्रशिक्षण ) ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण झुंझुनू जोन के लिए सीकर सर्कल में 21 व 22 दिसंबर 2024 को तथा उदयपुर जोन के लिए उदयपुर सर्कल में 28 व 29 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमार नागरानी अधीक्षण अभियंता, मिनाक्षी, विशाल झान्झावत आदि उपस्थित रहे।

## श्री पारसनाथ जैन मंदिर नाई अधीनस्थ हॉल का हुआ उद्घाटन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर के समीप गांव नाई में श्री पारसनाथ जैन मंदिर अधीनस्थ भूमि पर बने नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन रविवार को हुआ। उद्घाटन समाजसेवी राजेश मेहता के कर कमलों द्वारा संपूर्ण समाज की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर मेहता ने हॉल निर्माण हेतु अपने पिता स्वर्गीय श्री जीवन सिंह जी मेहता की पुण्य स्मृति में आर्थिक सहयोग प्रदान कर समाज को गौरवान्वित किया मेहता ने भविष्य में गांव नाई में बनने वाले स्थानक भवन हेतु भी आर्थिक सहयोग के लिए घोषणा की मंदिर समिति के अध्यक्ष भेरूलाल कोठारी का हॉल के निर्माण में पूर्ण सहयोग देने हेतु जैन समाज नाई के अध्यक्ष लहरी लाल दलाल ने सम्मान कर आभार जताया साथ ही साधुमार्गी जैन संघ बीकानेर द्वारा समीक्षा श्रीजी महाराज साहब के 50वें दीक्षा जयंती पर भेजा गया अभिनंदन पत्र उनकी माता जसुबाई जी को समाज की ओर से भेंट किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जैन नवयुक मंडल नाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन समाज नाई के मंत्री प्रमोद कोठारी ने किया। अंत में हिम्मत कोठारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाड़मेर जिले की थाना चौहटन पुलिस की कार्रवाई

# बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा मे फर्जी परीक्षार्थी बैठाने के मामले मे करीब छः माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया



**बाड़मेर ।** जिले की चौहटन थाना पुलिस ने बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बैठाने के मामले में करीब 6 महीनों से फरार चल रहे आरोपी मूला राम जाट पुत्र भींया राम निवासी कितनोरिया को गुजरात के साबरकांठा जिले से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा 2024 मे परीक्षार्थी नरसिगा राम पुत्र दूदाराम निवासी मंगले की बेरी की जगह फर्जी दस्तावेज तैयार कर ओमप्रकाश पुत्र अनाराम जाट निवासी डूँगरी थाना सरवाना जिला सांचोर को डमी परीक्षार्थी के रूप मे परीक्षा देते पकड़े जाने पर प्रकरण राज. सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1992 व आईपीसी में दर्ज कर अन्वेषण शुरू किया गया। जिले में वांछित अपराधियो की दस्तयाबी के लिए दिये गये दिये गये निर्देश के अनुसार एएसपी जसाराम बोस व सीओ जीवन लाल के सुपरविजन मे एसएचओ सोमकरण मय टीम द्वारा बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा मे फर्जी परीक्षार्थी बैठाने के प्रकरण मे करीब छ माह से फरार वृत स्तर के टॉप-10 मे चिन्हित आरोपी मूलाराम को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने आरोपी मूलाराम जाट की गिरफ्तारी के लिए अलग अलग संभावित ठिकानो पर दबिश दी थी। मगर आरोपी घटना के बाद गुजरात की तरफ मजदुरी पर चला गया। आसूचना व तकनीकी सहयोग से मुल्जिम मूलाराम के साबरकांठा जिले के तालोड़ तालुका मे होने की पुख्ता जानकारी मिलने पर विशेष टीम को गुजरात भेजा गया। टीम द्वारा लगातार तीन दिन तक साबरकांठा जिले के तालोड तहसील क्षेत्र मे गोदामो व कारखानो मे तलाश कर मुल्जिम को गांव खैरोल तहसील तालोङ साबरकांठा गुजरात से दस्तयाब करने मे सफलता हासिल की।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजस्थान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में उदयपुर के गांधी ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जनजाति विकास विभाग के स्टॉल का अवलोकन करते हुए लैंक्रोज टीम के खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने एशियाई लैक्रोज़ प्रतियोगिता की उपविजेता भारतीय टीम में सम्मिलित




उदयपुर की खिलाड़ियों कप्तान सुनीता मीणा, जुला कुमारी गुर्जर, डाली गमेती, मीरा दौजा, विशाखा मेघवाल, हेमलता डांगी व प्रशिक्षक नीरज बत्रा से मुलाकात कर राजस्थान की बेटियों की उपलब्धियों को सराहा एवं लैक्रोज़ खेल को राजस्थान में बढ़ावा देने हेतु हर सम्भव मदद की बात कही। साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, गोगुन्दा विधायक प्रतापलाल गमेती, सलूम्बर विधायक शांता देवी, निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, उपायुक्त टीएडी गीतेश श्री मालवीय, रागिनी डामोर आदि उपस्थित रहे।

# हिंदी रंगमंच को चुनौतियों से आजाद करने की जताई कटिबद्धता

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में आयोजित उदयपुर नाट्य रंग महोत्सव-2024 का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन के रंग संवाद में रंगकर्मियों ने हिन्दी रंगमंच को चुनौतियों से आजाद कराने के लिए अहर्निश प्रयासों की कटिबद्धता जताई। मुख्य अतिथि श्री दिनेश कोठारी, वरिष्ठ चित्रकार एवं रंगकर्मी श्री शैल चोयल, नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी, वरिष्ठ साहित्यकार, नाटयलेखक व पत्रकार, श्री हरीश बी शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार श्री कुंदन माली एवं टीम नाट्य संस्था के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन कर अंतिम दिन के रंग संवाद की शुरुआत की।




तत्पश्चात उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने अपनी रंग यात्रा के अनुभव और हिन्दी रंगमंच की चुनौतियों पर विचारों व्यक्त किए। नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी ने अपने वक्तव्य में बताया कि कैसे युवाओं ने रंगमंच को बस मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का एक माध्यम समझ रखा है। इससे इस विद्या की अभिव्यक्ति खतरे में है। जो कुछ नाटककार निरन्तर रंगमंच कर रहे हैं वे केवल बड़े नाट्य फेस्टिवल में प्रदर्शन करना लक्ष्य समझते हैं जिसके चलते नाट्य प्रदर्शनों में गिरावट देखी जा रही है। मुख्य वक्ता श्री शैल चोयल ने कहा कि हर कलाकार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है, उसे और उसकी कला को प्रोत्साहन नहीं मिलता जिसके चलते उसकी रचनात्मकता पर काफी असर पड़ता है। स्कूल एवं कॉलेज में रंगमंचीय पाठ्यक्रम नहीं होने से बच्चों में इस विद्या के बारे में जानकारी का अभाव भी हिंदी रंगमंच के पिछड़ने का बड़ा कारण है। श्री हरीश बी शर्मा ने नाटककारों और नाट्यलेखकों के बीच आपसी सामंजस्य और नाट्यरचनाओं के आदान-प्रदान पर बल दिया। साथ ही इसके लिए साहित्य अकादमी और सरकार स्तर पर प्रभावी प्रयासों की पैरवी की। राजस्थान साहित्य अकादमी सचिव श्री बसंत सोलंकी ने इसे स्वीकारते हुए इस तरह की गतिविधि को बढ़ाने के लिए आश्वस्त किया।

## भूस्थानिक सूचनायें पोषणीय विकास का प्रमुख आधार: डॉ. मिश्रा

# सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 21 दिवसीय भूस्थानिक प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण का समापन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारत सरकार के अतिरिक्त महासर्वेक्षक डॉ. यू. एन. मिश्रा ने कहा कि भूस्थानिक सूचनाएं पोषणीय विकास को मूलभूत आधार प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की भूस्थानिक नीति 2023 ने सामरिक मानचित्रों एवं संबंधित सूचनाओं के अतिरिक्त अन्य सभी सूचनाओं को आम जन व आम संस्थाओं द्वारा उपयोग के लिए खोल दी हैं। इससे विकास का मार्ग मजबूत हुआ है। डॉ. मिश्रा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 21 दिवसीय भूस्थानिक प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य वन संरक्षक उदयपुर जोन श्री सुनील चिदरी ने कहा कि वन अग्नि अलर्ट की तरह ही वन अतिक्रमण एवं वन खनन अलर्ट सूचना तंत्र को विकसित करने की जरूरत हैं। उन्होने वन संसाधनों के विकास एवं संरक्षण में भूस्थानिक प्रौद्योगिकी के महत्व को समझाया। भूगोल विभाग की अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण की समन्वयक प्रो. सीमा जालान ने प्रशिक्षण शिविर के दौरान हुए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। समारोह की अध्यक्षता सुविवि के कुलसचिव डॉ. वी.सी. गर्ग ने की।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय दूरसंवेदन केन्द्र (इसरो) के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान द्वारा उद्घाटित 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 6 राज्यों से 25 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। प्रो. जालान ने बताया कि प्रथम चरण में ईसरी (इण्डिया) दूरसंवेदन प्रादेशिक केन्द्र दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य के इलेक्ट्रॉनिक केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दूर संवेदन प्रौद्योगिकी के माध्यम से आंकड़े संग्रहण का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में लीडार जैसी विकसित प्रौद्योगिकी को नगर नियोजन, जलाशयों व वन संसाधनों के प्रबन्ध में उपयोग पर दूरसंवेदन प्रादेशिक केन्द्र जोधपुर, दिल्ली, देहरादून व भोपाल से आये विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे चरण में इसरो, संयुक्त राष्ट व राजकीय विभागों से जुडे वैज्ञानिकों द्वारा संबंधित संस्थाओं द्वारा संचालित आपदा प्रबंध एवं अन्य कार्यक्रमों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। अंतिम तीन दिवसों के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ज्वलंत समस्याओं से जुडे विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्टस तैयार किये गये।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।